दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665



अंक 02/99 | जयपुर | 28 अप्रैल /2025 | सोमवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

# 381 करोड़ के पेमेंट के चक्कर में फंसे महेश-जोशी?

## जेजेएम घोटाला: पूर्व मंत्री के बाद अब किसकी बारी, ईडी की पूछताछ में हो सकते हैं बड़े खुलासे

जयपुर

राजस्थान की पिछली सरकार में हुए 980 करोड़ के जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले के बाद अब और भी ठेकेदारों को किए लेन-देन की परतें उधड़ रही हैं। राजस्थान में पिछले विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लगने से ठीक तीन दिन पहले ठेकेदारों को देने के लिए करीब 381 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। फाइल चंद घंटों में ऐसे दौड़ी कि नीचे से ऊपर तक सभी पड़ाव पार कर डाले। ठेकेदारों को करीब 381 करोड़ के भुगतान की स्वीकृत देने के लिए एक ही दिन में ब्यूरोक्रेसी में बैठे संबंधित 3 अधिकारियों के साइन के बाद फाइल तत्कालीन सीएस तक पहुंची। वहां भी फाइल पर तत्काल साइन हुए। इसके बाद अगले दिन सुबह सरकार के साइन के बाद ठेकेदारों के भुगतान का किसी भी तरह का रोड़ा ही खत्म हो गया।

### महेश जोशी से पूछे जाएंगे सवाल

जेजेएम घोटाले में ईडी का आरोप है कि ठेकेदारों से अधिकारियों व दलालों के जरिए करोड़ों रुपए का कमीशन लिया गया है। अब ईडी की जांच में सामने आए इस करीब 381 करोड़ के भुगतान


टिप्पणी (क्रमिक)

(अ) भारत सरकार की सहायता से लागू किये जा रहे जल जीवन मिशन की निर्धारित अवधि में प्रस्तावित कार्यों हेतु केन्द्रांश की पूर्ण राशि प्राप्त करना सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है।

(ब) प्रशासनिक विभाग को बोलीदाता की पहचान गोपनीय रखने हेतु वित्त (जीएण्डटी) विभाग द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 16.12.2022 की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है।

(स) प्रशासनिक विभाग द्वारा क्रम संख्या 07 पर अंकित कार्य के संबंध में संबंधित फर्म जिसकी रिस्क एवं कॉस्ट पर कार्य करवाया जाना है, से अनुबंध के प्रावधानानुसार रिस्क एवं कॉस्ट की राशि शीघ्र वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा।

(द) प्रशासनिक विभाग द्वारा निविदा की वैधता अवधि सुनिश्चित की जायेगी।

अनु0 24/एन पर अंकित प्रकरणों में प्रस्तावित अतिरिक्त वित्तीय भार राशि रू. 380.755 करोड़ को राज्य निधि/RWSSC से वहन किये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री (वित्त) महोदय का अनुमोदन अपेक्षित है। अतः अनु0 19-24/एन अवलोकनार्थ एवं अनु0 24/एन अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(पी०डी० वर्मा)
04.10.2023
मुख्य लेखाधिकारी, वित्त (व्यय-3)

संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय-3)
शासन सचिव, वित्त (व्यय)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त
मुख्य सचिव, महोदया एवं अध्यक्ष अपेक्स कमेटी, (स्टेट वॉटर एण्ड सैनीटेशन मिशन)
माननीय मुख्यमंत्री महोदय (वित्त)

की स्वीकृति के डॉक्यूमेंट को काफी अहम माना जा रहा है।
ईडी की 6 घंटे की पूछताछ के बाद दो दिन पहले गिरफ्त में आए पूर्व केबिनेट मंत्री महेश जोशी के सामने इसे लेकर भी सवाल पूछे जाएंगे। आखिर आनन-फानन में ठेकेदारों के भुगतान की क्यों जल्दी थी?




क्या इस भुगतान के पीछे कोई बड़े राजनेता का दबाव था? माना जा रहा है कि महेश जोशी से कड़ी पूछताछ के दौरान बड़े प्रभावशालियों और ऊपर तक पहुंच रखने वाले कुछ नए नाम और सामने आ जाएं।

### क्या कहती है पत्रावली: 4 अक्टूबर, 2023 को एक के बाद एक अधिकारियों ने किए साइन

गौरतलब है कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव अचार संहिता कभी भी लागू होने की चर्चा अक्टूबर, 2023 की शुरुआत में होने लगी थी। हालांकि आचार संहिता 9 अक्टूबर, 2023 को लागू हुई। इससे पहले ही सरकार ने ठेकेदारों को करोड़ों के भुगतान के लिए रास्ते साफ कर दिए। पत्रावली के अनुसार जलजीवन मिशन के तहत जयपुर सहित कई जिलों में पाइप लाइन, पंप हाउस, पंप के इंस्टॉलेशन जैसे 15 बड़े कार्यों के 381 करोड़ रुपए के भुगतान अटके हुए थे। इनमें सूरजपुरा से सांभर करीब 256 करोड़ रुपए, सिरोही के 68 गांवों में पानी पहुंचाने के तहत 136 करोड़ सहित अन्य कामों की टेंडर कॉस्ट शामिल थी। फाइल ऐसी दौड़ी कि आचार संहिता से पहले 4 अक्टूबर, 2023 को संयुक्त शासन सचिव वित्त (व्यय-3), शासन सचिव वित्त (व्यय), अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) के बाद सीएस ने भी इसी दिन पत्रावली पर साइन किए। इसके अगले दिन फाइल सीएमओ/सीएमआर से भी साइन होकर आ गई। यानी 5 अक्टूबर, 2023 को सरकार से स्वीकृति मिल गई। ईडी सूत्रों के अनुसार फाइलों को लेकर इस तरह का एक्ट संदेह के घेरे में आता है। अनन-फानन में किए गए इस भुगतान में कितनी अनियमितता बरती गई, ये भी जांच के दायरे में आएगा। नियमों के अनुसार आचार संहिता से पहले सरकार की स्वीकृतियों को आचार संहिता के दौरान नहीं रोका जा सकता। पहले स्वीकृति देने से इन ठेकेदारों को आचार संहिता के दौरान भी भुगतान मिल गया।

### तीन समन के बावजूद पूछताछ के लिए नहीं गए जोशी

घोटाला केंद्र सरकार की 'हर घर नल' योजना से जुड़ा है। मामले के तहत जल जीवन मिशन (जेजेएम) से जुड़े अनियमतता के मामले में श्रष्ठ ने गुरुवार को पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को 6 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। तीन बार समन जारी होने के बावजूद महेश जोशी पूछताछ के लिए श्रष्ठ दफ्तर नहीं पहुंचे। उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ठेकेदारों से कमीशन लेने के आरोप हैं। जोशी की ओर से ईडी और फिर कोर्ट में तर्क दिया गया था कि वे व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो पाए। लेकिन कोर्ट ने रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। जोशी फिलहाल ईडी की पूछताछ (रिमांड) से गुजर रहे हैं। ईडी अधिवक्ता अजात शत्रु मीना ने बताया कि आरोपियों व इंजीनियर्स ने भी जोशी का नाम लिया है। अन्य आरोपी महेश जोशी के नाम पर वसूली करते थे। ईडी जांच में पता चला है कि जोशी ने घोटाले में जो रुपए लिए उसे बेटे रोहित जोशी की फर्म में भी लगाया है। इधर, महेश जोशी के अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि एफआईआर 215/2023 में एक भी आरोपी को पीएमएलए ईसीआईआर के तहत मामला बनाने के लिए एक पूर्वगामी अपराध (आधार) के तौर पर नहीं लिया है। ईडी केवल यह आरोप लगा रही है कि जोशी के बेटे की एक कंपनी में केवल 50 लाख की राशि जमा की है। ईडी यह साबित नहीं कर पाई कि महेश जोशी ने ठेकेदारों

---

## ओवरलोड डंपरों के खिलाफ विधायक नौक्षम का एक्शन

### 4 ओवरलोड डंपरों को रुकवा कर भिजवाए थाने

मरुधर विशेष

**तालिम खान,** पहाड़ी में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब कामा विधायक नौक्षम चौधरी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ भी एक्शन में दिखाई दे रही है रविवार को कामां कस्बा मे आयोजित जाटव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत कर लौटते समय रास्ते में विधायक ने ओवरलोड डंपरो को रोक लिया और मौके पर कामां थाना पुलिस को बुलाकर कर निर्माण नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए मिली जानकारी के अनुसार विधायक नौक्षम चौधरी रविवार दोपहर बाद कामां में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन मे शिरकत करने के बाद पहाड़ी की ओर लौट रही थी इसी दौरान पर देवी गेट के समय लाइन लगाकर ओवरलोड डंपर आते हुए दिखाई दिए जिस पर विधायक ने गाड़ी रोककर ओवरलोड डंपरो को रुकवा लिया और कामा थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर जप्त करने के निर्देश दिए विधायक



की सूचना के बाद कामां टाउन चौकी चार्ज रविंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और चार डंपरों को कामां थाना ले गए पुलिस द्वारा परिवहन विभाग को सूचना दे दी गई अब परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा विधायक द्वारा अचानक ओवरलोड डंपरों के खिलाफ एक्शन दिखाए जाने के बाद ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया ओवरलोड डंपर चालक अपने डंपरों को लेकर गांवो में छुप गए कुछ ओवरलोड डंपर चालक अपने वाहनों को भगा कर ले गए

## डॉ भीम राव अम्बेडकर विकास समिति कायसा की सामूहिक बैठक आयोजित

### डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हुई चर्चा

मरुधर विशेष

**नीमराना( सुनील मेघवाल)** ग्राम पंचायत कायसा में बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सभी समाज की एक सामूहिक सभा रविवार को बुलाई गई जिसमे ये तय



किया गया की गांव में अम्बेडकर मोहल्ले में अम्बेडकर प्रतिमा स्थापित की जाए। इस सभा में भूपसिंह सरपंच कायसा, सूबेसिंह पूर्व सरपंच,लालाराम लंबरदार,रामकुमार पंच, कवंर सिंह साहब, लक्ष्मी नारायण प्रधानाचार्य, रामकुमार मास्टर ,दयाराम पंच, कमल पंच, आनंद यादव, राकेश यादव, घडशीराम थानेदार, रामस्वरूप हवलदार,सुरेश मास्टर,रतनलाल हवलदार, उदय सिंह , मामन सिंह,कैलाश वाल्मीकि,धर्मेन्द्र वाल्मीकि,सचिन मोर्या, धर्मवीर वाल्मीकि,प्रदीप कुमार, और नवयुवक मंडल अम्बेडकर विकास समिति कायसा के सदस्य व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जयपुर शहर में मिडिल-क्लास के लिए घर बनाएगा हाउसिंग बोर्ड

### 14 साल बाद लॉन्च कर रहा स्कीम; 45 लाख से ज्यादा हो सकती है कीमत

जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर के मानसरोवर में मल्टी-स्टोरी फ्लैट की स्कीम लॉन्च करेगा। करीब 14 साल बाद जयपुर शहर में कोई सरकारी एजेंसी आमजन के लिए आवासीय योजना लॉन्च करने जा रही है। इस स्कीम में मिडिल इनकम ग्रुप-'ए' (एमआईजी-ए) और मिडिल इनकम ग्रुप-'बी' (एमआईजी -बी) के लिए फ्लैट बनाए जाएंगे।
सूत्रों के मुताबिक यह योजना मानसरोवर में सेक्टर-5 शिप्रा पथ सरयू मार्ग स्थित अपेक्स हॉस्पिटल के पास होगी। इस योजना में 160 फ्लैट बनाए जाने प्रस्तावित हैं। कुछ माह पहले इस जमीन पर चल रहे केस को जीतने के बाद बोर्ड प्रशासन ने इस जमीन पर योजना की प्लानिंग की है।
योजना में फ्लैट की साइज और रेट्स का निर्धारण करना अभी शेष है। सूत्रों का कहना है कि एक फ्लैट की कीमत 45 लाख रुपए से ज्यादा होगी। फ्लैट 2 और 3 बीएचके के बनाए जाने की योजना है। जो मई या जून में लॉन्च हो सकती है।

#### द्वारका अपार्टमेंट के बाद अब लॉन्च की स्कीम

इससे पहले साल 2010-11 में हाउसिंग



बोर्ड ने मानसरोवर में हाउसिंग बोर्ड सर्किल ऑफिस के पास द्वारका अपार्टमेंट के नाम से योजना लॉन्च की थी। इस योजना में मिडिल इनकम ग्रुप के लिए फ्लैट बनाए गए थे। इसके बाद से मानसरोवर में आमजन के लिए कोई योजना नहीं लाई गई।

#### प्रताप नगर में लॉन्च होगी योजना

हाउसिंग बोर्ड सूत्रों के मुताबिक जयपुर में ही प्रताप नगर सेक्टर-26 में भी 60 फ्लैट की योजना लॉन्च करने की तैयारी है। इस योजना में एमआईजी -ए के फ्लैट बनाए जाने प्रस्तावित है। इस योजना को मानसरोवर की योजना के साथ ही शुरू किया जाएगा।

#### इन शहरों में भी स्कीम लाने की तैयारी

जयपुर के अलावा हाउसिंग बोर्ड अगले माह 6 विभिन्न जगह अलग-अलग आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है। इन शहरों में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लोगों के लिए मल्टी स्टोरी और स्वतंत्र आवास की योजना लाने की तैयारी है।

#### इनकम ग्रुप के अनुसार बनाए जाते हैं प्रोजेक्ट

हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट इनकम ग्रुप के हिसाब से बनाए जाते हैं। इनमें 5 कैटेगरी ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमी वीकर ग्रुप), एलआईजी (लोअर इनकम ग्रुप), एमआईजी (मिडिल इनकम ग्रुप)-ए, एमआईजी-बी और एचआईजी (हाई इनकम ग्रुप) है।
आवेदक अपनी सालाना आय के अनुसार इनके लिए आवेदन कर सकता है। जैसे- ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए आय सीमा सालाना 3 लाख रुपए तक की है। एलआईजी में यह सीमा 3 से 6 लाख रुपए है। एमआईजी में अलग-अलग आय वर्ग की दो कैटेगरी हैं। एमआईजी-ए में 6 से 12 लाख और एमआईजी-बी में 12 से 18 लाख रुपए हैं। एचआईजी में 18 लाख से ज्यादा आय वर्ग के लोग अप्लाई कर सकते हैं।

---

## डीआरडीओ ने स्क्रैमजेट इंजन की सक्सेसफुल टेस्टिंग की

### अब फुल-स्केल उड़ान के लिए तैयार

एजेंसी| हैदराबाद

डीआरडीओ ने शुक्रवार को हाइपरसोनिक वेपन टेक्नोलॉजी में बड़ा मुकाम हासिल किया। हैदराबाद की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी ने 1,000 सेकेंड से ज्यादा समय तक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट सबस्केल कंबस्टर का ग्राउंड टेस्ट किया। यह टेस्ट डीआरडीओ की स्टेट ऑफ आर्ट एडवांस सेंटर (स्क्रैमजेट कनेक्ट टेस्ट फैसिलिटी) में किया गया। इससे पहले जनवरी 2025 में भी



इसी इंजन का 120 सेकेंड का सफल टेस्ट हुआ था। अब 1,000 सेकेंड के इस टेस्ट के बाद यह सिस्टम फुल-स्केल उड़ान के लिए तैयार माना जा रहा है। नेवी ने आईएनएस सूरत से 24 मार्च को मिसाइल की टेस्टिंग की।

## कुपवाड़ा में लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर फारूक तीदवा का घर ध्वस्त किया गया

### पहलगाम अटैक के बाद बड़ी कार्रवाई

एजेंसी| कुपवाड़ा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कुपवाड़ा में लश्कर-ए-तैयबा के एक कमांडर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। कुपवाड़ा जिले के नारिकूट कलारूस सीमा क्षेत्र में लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर फारूक तीदवा का घर ध्वस्त कर दिया गया है। इसे सेना की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना एक्शन मोड में नजर आ रही है। सेना



ने 24 घंटे में अब तक 7 आतंकियों का घर जमींदोज किया है। इससे पहले आतंकी एहसान अहमद शेख का पुलवामा स्थित 2 मंजिला मकान ध्वस्त किया गया था। वह भी लश्कर से जुड़ा था और जून 2023 से एक्टिव था। इसके अलावा लश्कर-ए-तैयबा के ही आतंकी हारीस अहमद के भी पुलवामा के कांचीपोरा में स्थित मकान को धमाके में उड़ा दिया गया था। वह भी साल 2023 से ही एक्टिव था। इसके अलावा पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादी आसिफ शेख आदिल का घर भी शुक्रवार को ब्लास्ट में उड़ा दिया गया था। पहलगाम आतंकी हमले में आसिख शेख का नाम सामने आया था।

### पंचायत चुनाव उम्मीदवारों को भी लंबित मामलों की जानकारी देना जरूरी: सुको

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को भी अपने नामांकन पत्र में अपने खिलाफ लंबित मामलों की जानकारी देना जरूरी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए एक ग्राम प्रधान के निर्वाचन को रद्द कर दिया। मामला मंडी जिले के पंगना ग्राम पंचायत का है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को हम योग्य नहीं पाते हैं।

## भारत समिट में बोले राहुल गांधी

## पुरानी पीढ़ी का नेतृत्व खत्म... राजनीति में नई पीढ़ी आनी चाहिए

एजेंसी| हैदराबाद

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में आयोजित भारत शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व राजनीति में बुनियादी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सोशल मीडिया के साथ सब कुछ बदल गया है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने देश भर के लोगों की समस्याओं को जानने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4,000 किलोमीटर की यात्रा की है।

---

### पहलगाम हमले के बीच भागवत का बड़ा बयान

## राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना और वो अपना कर्तव्य निभाएगा

एजेंसी| नई दिल्ली

पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे है। उन्होंने इस संघर्ष को %धर्म% और %अधर्म% के बीच संघर्ष बताया, उनके अनुसार यह संघर्ष केवल



धार्मिक मतभेदों पर आधारित नहीं है, बल्कि अच्छाई और बुराई के बीच एक बड़ी नैतिक लड़ाई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है। लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे आप कुछ भी कर लें, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो इसके बारे में क्या करें? मोहन भागवत ने कहा कि अहिंसा हमारा धर्म है। गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है।

## पाकिस्तान ने राजस्थान के पास बॉर्डर पर सेना बढ़ाई

### सिंध में छिपाकर जवानों को किया तैनात

एजेंसी| नई दिल्ली

राजस्थान सीमा से एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां पाकिस्तान ने कथित तौर पर क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण अपनी सेना को बंकरों में रहने का निर्देश दिया है। सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स और बॉर्डर एक्शन टीम को इन बंकरों में तैनात किया गया है। इसके अलावा, एक मेडिकल टीम ने सिंध में युद्ध अभ्यास किया है, जो संभावित संघर्ष की तैयारी का



संकेत देता है। स्थिति के गंभीर होने के कारण पाकिस्तान युद्ध क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटा रहा है। पहचाने गए आतंकियों में तीन हिजबुल मुजाहिदीन, आठ लश्कर-ए-तैयबा और तीन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

## अनंत रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर बने, 1 मई को पद संभालेंगे

### अभी रिलायंस जियो, रिटेल और एनर्जी वर्टिकल के बोर्ड मेंबर हैं

एजेंसी| मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शनिवार को मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया। अनंत 1 मई से 5 साल के लिए इस पद पर रहेंगे। 2023 से वे कंपनी में नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने बताया, रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में



ह्यूमन रिसोर्स, नॉमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी की सिफारिश पर विचार किया और नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत एम. अंबानी को होल टाइम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया।

#### रिलायंस के अलग-अलग वर्टिकल के भी सदस्य हैं अनंत

अनंत को अगस्त 2022 में कंपनी के एनर्जी वर्टिकल की कमान सौंपी गई थी। इसके अलावा अनंत मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड के साथ-साथ रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड के बोर्ड मेंबर हैं। वे सितंबर 2022 से रिलायंस की फिलैंथरोपिस्ट आर्म-रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं।

# संविदा डॉक्टर्स की सैलरी आधी: 56 हजार की जगह अब मिलेंगे 28 हजार रुपए अलग-अलग पोस्ट पर होंगी 2855 भर्ती

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ा। राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस के जिलाध्यक्ष अनिल पंड्या एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश पाटीदार ने बताया कि राज्य के चिकित्सा विभाग में कार्मिको की जब तक स्थायी भर्ती नहीं होती है तब तक विभाग के रिक्त पदों को जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से भरने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार कार्मिको की संविदा पर भर्ती की जाती है। किन्तु राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अब कॉन्ट्रैक्ट पर रखे जाने वाले नए डॉक्टर्स की सैलरी आधी करने का फैसला किया है जो समीचीन नही है। अब तक कॉन्ट्रैक्ट वाले डॉक्टर्स को प्रतिमाह 56 हजार रुपए सैलरी मिलती थी। जिसे घटाकर 28 हजार रुपये किया गया है। वहीं, नेशनल हेल्थ मिशन (एनएमएच) के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों के कुल 2855 पदों पर कॉन्ट्रैक्ट भर्तियां की जाएंगी।इनमें फीमेल हेल्थ वर्कर, एलोपैथी मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल लैब टेक्निशियन, नर्स और फार्मा असिस्टेंट के पद शामिल हैं। सभी नियुक्तियां जिला स्तर पर जिला हेल्थ समितियों के माध्यम से की जाएंगी।

## कांट्रैक्ट डॉक्टर्स की भर्ती प्रक्रिया

महासंघ के जिला संगठन मंत्री गमीरचंद पाटीदार ने बताया कि एनएचएम के अन्तर्गत रिक्त पदो के विरूद्ध जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से संवेदक के माध्यम से मानव संसाधन के संबंध में एनएचएम की 89वीं अधिशाषी समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अन्तर्गत राजस्थान कांट्रेक्चुअल हियरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 के तहत भर्ती प्रकिया में विलम्ब की संभावना एवं मानव संसाधनों की तत्कालिक आवश्यकता तथा अपरिहार्यता के दृष्टिगत 06 सर्विस डिलिवरी संवर्ग वाले जिला व अधिनस्थ स्तर के रिक्त पदों के विरुद्ध 2855 मानव संसाधनों की सुविधा ,सेवाएँ, वित्त व्यय-1 विभाग की स्वीकृति के अनुसरण में भर्ती परीक्षा के द्वारा मानव संसाधनों के पदस्थापन होने तक अथवा दिनांक 31मार्च 2026 तक, जो भी पहले हो, जिला स्वास्थ्य समितियों के द्वारा अपने स्तर से संवेदक के माध्यम से लिए जाने की स्वीकृति विभाग के नियमो व परिपत्रों की पालना करते हुए व्यक्तिगत संविदा या अनुबंध के बिना ,एक निर्धारित योग्यता, वेतन व समयावधि तक के लिए कांट्रेक्चुअल नियुक्ति प्रदान करने निर्देश प्रसारित किए है।

## 162 एमबीबीएस डॉक्टरों की नई भर्ती

संगठन मंत्री वनेश्वर गर्ग ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों को एमबीबीएस डॉक्टर के 162 पद दिए गए हैं। मेडिकल ऑफिसर की योग्यता को ही इस पद के लिए निर्धारित किया गया है। मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की ओर से जारी इस आदेश में डॉक्टर का वेतन 28 हजार 50 रुपए तय किया गया है। महासंघ के महामंत्री दीपेश पाटीदार एवं रमेश व्यास ने बताया कि बताया जा रहा है कि यह निर्णय पिछले आदेशों से एकदम विपरीत है। 30 मार्च 2022 को तत्कालीन मिशन निदेशक ने पूर्णकालिक संविदा डॉक्टरों का वेतन 56 हजार 600 रुपए निर्धारित किया था।यहां तक कि एक मार्च 2024 को जारी एक अन्य आदेश में भी संविदा डॉक्टरों के लिए यही वेतन तय किया गया था। प्रदेश में वर्तमान में करीब 700 डॉक्टर्स कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे हैं।

## वेतन कटौती का असर

हालांकि, पुराने डॉक्टरों को 56 हजार 600 रुपए का वेतन मिलता रहेगा, लेकिन नए डॉक्टरों को 28050 रुपये घटी हुई राशि मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि कांट्रैक्ट का हिस्सा काटने के बाद यह राशि महज 25 हजार रुपए के आसपास रह जाएगी। वेतन आधा करने का निर्णय उचित नहीं है। जब सभी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी हो रही है, तब भारी मंहगाई के युग में कांट्रेक्चुअल बेस पर डॉक्टरों का वेतन घटाकर उन्हें नियुक्ति देकर हतोत्साहित किया जाना उचित नहीं है। वेतन घटाने के आदेश पर पुनर्विचार की जरूरत है।

राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस जिला बांसवाड़ा ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री को पत्र भेजकर संविदा डाक्टर्स का वेतन पूर्ववत 56 हजार यथावत रखने का आग्रह किया है। ये जानकारी अनिल पंड्या ने दी।

# मुस्कान केयर एंड मेमोरियल सोसाइटी की कार्यकारिणी की बैठक, तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 15 जून को होगा आयोजित, आवेदन 28 अप्रैल से शुरू

मरुधर विशेष




**मुंडावर (रमेशचंद)** मुस्कान केयर एण्ड मेमोरियल सोसायटी (रूटस) मोलावास मुण्डावर की बैठक रविवार को आयोजित हुई।बैठक में रमेश चन्द्र को उपाध्यक्ष एवं नरेन्द्र यादव पूर्व सरपंच,अजीत सिंह अध्यापक,राहुल देव,ललित कुमार, पूर्ण चन्द को सलाहकार बनाने पर निर्णय हुआ। साथ ही तहसील स्तरीय चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 15 जून 2025 को करने का निर्णय लिया गया। जिसमे 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक के मुण्डावर तहसील के प्रतिभागी, जिनका चयन सरकारी कर्मचारी के रूप में किसी भी विभाग,खेल कूद प्रतियोगिता में जिला स्तर या इससे उच्च स्तर पर भाग लेकर पदक हासिल किया हो तथा 10वीं व 12वीं में कम से कम 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किये हों, स्नातक (other:- स्नातक के समकक्ष) में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हों, वो सभी सम्मान के पात्र हैं। मुस्कान केयर एण्ड मेमोरियल सोसाइटी उक्त श्रेणी में आने वाले प्रतिभागियों व विद्यार्थियों से सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करती है। ऑनलाइन फार्म में सभी जानकारी सही से भरें। ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल 2025 से 12 मई 2025 तक किये जा सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। सम्मान समारोह 15 जून 2025 को सुबह 10 बजे रा0उ0मा0विद्यालय मोलावास में आयोजित किया जायेगा। जिसमें पात्र पाए जाने वाले सभी प्रतिभागियों को सोसाइटी द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। निम्न लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। https://forms.gle/MYMDye|wYasrGUzB9 फॉर्म भरने में समस्या आने पर 9001521210 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# अध्यापक ने परीक्षा के दौरान छात्र से कटवाया मुर्गा किया निलंबित

मरुधर विशेष

**आदिवासी** बाहुल्य क्षेत्र कोटड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावन क्यारा में कक्षा 9वी के छात्र राहुल पारगी से शिक्षक मोहनलाल डोडा द्वारा अंग्रेजी का पेपर देते हुए कक्षा से पेपर बीच में छुड़वाकर मुर्गा कटवा कर साफ करवाने का मामला सामने आया। जिस पर शिक्षा विभाग ने उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षक को मुर्गा कटवाने का दोषी मानते हुए निलंबित किया गया। निलंबन काल में मोहनलाल डोडा शिक्षक का केंद्र मावली किया गया।


276

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, उदयपुर

कार्यालय आदेश

यह है कि सीबीईओ, कोटडा एवं उपखण्ड अधिकारी, कोटडा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट दि. 26.04.2025 के अनुसार श्री मोहन लाल डोडा, अध्यापक लेवल–I, राउमावि, सावन का क्यारा ब्लॉक कोटडा द्वारा दिनांक 26.04.2025 को परीक्षा के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र से मुर्गा कटवाने का कृत्य किया गया और नियमित रूप से मिड डे मिल का संचालन नहीं किया जा रहा। आपके इस कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है। अतः आप श्री मोहन लाल डोडा, अध्यापक लेवल–I, राउमावि, सावन का क्यारा ब्लॉक कोटडा (RJUD199237009109) को राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 (क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता दिनांक 26.01.2025 से निलम्बित करते हैं।

निलम्बन काल में इनका मुख्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मावली जिला उदयपुर किया जाता है। निलम्बन काल में इन्हें नियमानुसार 50 प्रतिशत निर्वाह भत्ता राउमावि, सावन का क्यारा ब्लॉक कोटडा से देय होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, उदयपुर

क्रमांक : जिशिअ.मु./मा./उदय/विजा/फा. 336/2025/940 दिनांक 26.04.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) उदयपुर संभाग, उदयपुर।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उदयपुर
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, मावली
5. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कोटडा को भेजकर निवेदन है कि आदेश संबंधित को तामिल करा तामिल रसीद उपलब्ध करावे।
6. प्रधानाचार्य, राउमावि, सावन का क्यारा ब्लॉक कोटडा
7. संबंधित श्री मोहन लाल डोडा, अध्यापक लेवल–I, राउमावि, सावन का क्यारा ब्लॉक कोटडा (RJUD199237009109)

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, उदयपुर

# नीमराना की जापानी कंपनी डाइकिन एयर कंडीशनिंग में सिलेंडर ब्लास्ट कंपनी में शनिवार रात को सिलेंडर ब्लास्ट

### हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल गुरुग्राम और दिल्ली में इलाज जारी पेंटिंग के दौरान पाउडर में चिंगारी से हुआ धमाका

मरूधर विशेष





**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना के जापानी ज़ोन में स्थित डाइकिन एयर कंडीशनिंग कंपनी में शनिवार रात को सिलेंडर में ब्लास्ट होने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल नीमराना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां से दो मजदूरों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें गुरुग्राम और दिल्ली के अस्पतालों में रेफर कर दिया गया। नीमराना थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि हादसा कंपनी में पेंटिंग के दौरान पाउडर में चिंगारी लगने से हुआ।जिससे सिलेंडर फट गया और भीषण आग लग गई। घायलों में एक युवक लोकेश (उत्तर प्रदेश निवासी) और दूसरा कश्यप (मध्य प्रदेश निवासी) शामिल हैं। दोनों का इलाज सफदरजंग अस्पताल दिल्ली और गुरुग्राम के निजी अस्पताल में चल रहा है।

## हादसे के बाद मची भगदड़

ब्लास्ट के बाद कंपनी में काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। जान बचाने के लिए मजदूर इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही नीमराना दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी नीमराना क्षेत्र में औद्योगिक हादसे सामने आ चुके हैं।जिससे सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। मामले को लेकर कंपनी के कर्मचारियों से बात करनी चाहिए तो कर्मचारी एक दूसरे पर जानकारी देने की कहकर बात टाल गए। कहीं ना कहीं कंपनी की बड़ी लापरवाही हो सकती है जिसके कारण मामले को लेकर कोई भी कंपनी का उच्च अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। जबकि यह कंपनी जापानी जोन औद्योगिक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी है। मामले को लेकर कंपनी के लापरवाही हो सकती है पुलिस भी मामले में जांच में जुटी हुई है।

# मंगलवार को सायं 4:00 से 7:00 के बीच में तलवाड़ा स्थित गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर से भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** तलवाड़ाः सहस्त्र औदिच्य समाज बड़ी टौलकिया समाज, स्वर्णकार समाज सोमपुरा समाज सेवक समाज पाटीदार समाज सूत्रधार समाज एवं सर्व वैष्णव समाज के समाजजनों एवं सभी सनातनी धर्म के सर्व समाज जनों को सूचित किया जाता है कि 29 अप्रैल 2025 मंगलवार को सायं 4:00 से 7:00 के बीच में तलवाड़ा स्थित गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर से भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आप सभी समाजजन सपरिवार इस शोभायात्रा में सादर आमंत्रित हैं। साथ ही ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारीयों से अनुरोध है कि आप स्वयं एवं आपके साथ अन्य जो भी पदाधिकारी हैं उनको लेकर इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल होकर अपने ब्राह्मण का परिचय देवें।निवेदक परशुराम जन्मोत्सव समिति तिलकपुर तलवाड़ा। मीडिया को जानकारी नितिन कौशिक ने दी।

# सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने किया डिजिटल लाइब्रेरी 'ई-गुरूकुल' का लोकार्पण

### नागरिक अभिनन्दन समारोह में कहा विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में समग्र प्रयास व आधुनिक शिक्षा की अहम भूमिकाः राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर

### 2 ज्ञान वाहनों (मोबाइल ई-लाइब्रेरी) को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

मरूधर विशेष

**अलवर(सुनील मेघवाल)** सिक्किम राज्य के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने रविवार को स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर सांसद निधि द्वारा तैयार कक्ष में वी शक्ति ट्रस्ट द्वारा बनाए गए स्वामी विवेकानन्द ई-गुरूकुल का लोकार्पण एवं 2 ज्ञान वाहन (मोबाइल ई-लाइब्रेरी) का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया व पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम में सूचना केंद्र (पीआरओ ऑफिस) व राजकीय पुस्तकालय (एसएमडी चौराहा) की ई-लाइब्रेरी का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव तथा पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा भी मौजूद रहे।

राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर पहलगाम की आतंकी घटना की निन्दा करते हुए कहा कि सरकार आतंकवाद के विरूद्ध कठोर कदम उठा रही है जिसमें दुनिया के अधिकतम देश हमारे साथ खडे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत सशक्त राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है।

प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2047 तक देश को पूरी तरह से विकसित बनाकर युवाओं पीढी के सपनों के राष्ट्र का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की भ्रष्टाचार मुक्त भारत की सोच के अनुरूप विभिन्न योजनाओं में देश के लाभार्थियों को सीधे उनके खातों में राशि हस्तांतरित की जा रही है तथा सरकार द्वारा देश भर में सडक, रेलवे एवं आमजन की सुविधाओं से जुडे आधारभूत संरचनाओं को विकसित कर देश को प्रगति के पथ पर आगे बढाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव की पहल के तहत आज ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन एवं जिले में बनने वाली 101 ई-लाइब्रेरियों के निर्माण से बच्चों एवं युवाओं को आधुनिक डिजिटल पद्धति से शिक्षा सुगमता से प्राप्त हो सकेगी।

राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर विवेकानन्द स्मारक में स्वामी विवेकानन्द के साधना कक्ष में ध्यान किया एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने ई-लाइब्रेरी (ई-गुरूकुल) का अवलोकन भी किया।

## 101 में से 66

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने हेतु युवा ऊर्जावान पीढ़ी को विज्ञान, तकनीकी से लेकर खेल तक के सभी क्षेत्रों में तैयार करना है। इसी भावना को साकार करते हुए अलवर संसदीय क्षेत्र में जरूरतमंद बालक-बालिकाओं को आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से अध्ययन का अच्छा माहौल व बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ई-लाइब्रेरियों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-गुरूकुल अभियान के तहत बनाई जाने वाली 101 लाइब्रेरियों में से अब तक 66 ई-लाइब्रेरी बनकर तैयार हैं और शेष









लाइब्रेरियां 30 जून तक बन जाएंगी, जिससे निश्चित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को इनका लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा था कि शिक्षा व्यक्ति के चारित्रिक, मानसिक, आध्यात्मिक आदि गुणों का विकास करती है। उन्होंने कहा कि खेल व शिक्षा दो ऐसे विषय हैं जो जाति, लिंग के भेद को समाप्त कर राष्ट्रवाद को खड़ा करते हैं।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि अलवर संतो की तपोस्थली है तथा पूर्व सांसद व संत महन्त चांदनाथ ने शिक्षा को आगे बढ़ाने के विचारों को ये ई-लाइब्रेरियां समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार नई शिक्षा नीति लाई है जिसमें मातृभाषा में शिक्षा को महत्व दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अलवर के चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास के लिए एक परिवार के सदस्य के रूप में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया कि अलवर की पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए दिन-रात लगकर सकारात्मक काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वनराज्य मंत्री संजय शर्मा के सिलीसेढ से अलवर शहर को पेयजल आपूर्ति हेतु भेजे गए प्रस्ताव को एक हफ्ते में ही पास कराया गया। सिलीसेढ योजना का 23 करोड़ रूपये का टेंडर हो चुका है तथा शीघ्र ही कार्य पूर्ण होकर अलवर शहर को पानी मिलने लगेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि एसटीपी के शोधित जल का उपयोग उद्योगों में लिया जाएगा जिससे पानी की बचत होगी और उसका उपयोग शहरवासी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पानी का टैंकर सही घर तक पहुंचे इसके लिए टैंकरों की जीपीएस से जिला प्रशासन द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला भारत की आत्मा पर हमला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का भर्तृहरि बाबा की तपोभूमि अलवर में स्वागत करते हुए कहा कि माथुर लम्बे समय से अलवर जिले से जुडे हुए हैं। इन्होंने राज्यसभा सांसद रहते हुए अलवर के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है जिसके तहत सांसद निधि से स्वामी विवेकानन्द स्मारक में आज जिस ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन हुआ है उसके कक्ष का निर्माण कराने के साथ-साथ प्रतापबंध से ग्राम मांचा तक बिजली लाइन पहुंचाने कार्य, गौरी देवी राजकीय महिला छात्रावास में प्रतीक्षा कक्ष का निर्माण, शिवाजी पार्क एवं देव खेडा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कक्षा-कक्ष का निर्माण, दिवाकरी में सामुदायिक स्नानघर व अस्थि स्थल भवन का निर्माण एवं वार्ड नं. 41 गोविन्द नगर में सार्वजनिक पार्क की चार दिवारी व सौन्दर्यकरण का कार्य कराया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सांसद खेलों का आयोजन कराकर ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को निखारने का काम किया तथा अलवर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु अच्छी सुविधा मिल सके इसके लिए ई-लाइब्रेरियों का निर्माण करा रहे हैं। इनमें से अलवर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 55 लाइब्रेरियों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि अलवर शहर की पानी की समस्या के समाधान हेतु केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक निधि की सम्पूर्ण 5 करोड रूपये की राशि को अलवर की पेयजल समस्या के निदान हेतु समर्पित किया गया है। सिलीसेढ के पानी को शहर तक लाने के लिए 23 करोड रूपये के टेंडर जारी, 5 करोड रूपये की लागत से भाखेडा में एनीकट निर्माण प्रगतिरत, 40 करोड रूपये की लागत से नटनी का बारा से जयसमंद झील तक पक्की नहर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे काफी हद तक शहर की पेयजल समस्या का समाधान होगा तथा स्थाई समाधान के लिए ईआरसीपी रामसेतु जल परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है।

भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय प्रचारक डॉ. के.के शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द स्मारक को बनाने के संकल्प को मूर्त रूप लेने के संबंध में विस्तार से अवगत कराया तथा संस्था द्वारा किए जा वंचित वर्गों के कल्याण के कार्यों के बारे में अवगत कराया। विभिन्न समाजों, संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों ने राज्यपाल माथुर का नागरिक अभिनन्दन किया।

इस समारोह में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की नई पहल से प्रेरित होकर समाजों व संस्थाओं के पदाधिकारियों ने राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर को फूल, माला व बुके के स्थान पर पुस्तकें भेंट की।

उल्लेखनीय है कि सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने तत्कालीन राज्यसभा सांसद के रूप में सांसद निधि से दिए गए 27 लाख रूपये से विवेकानन्द स्मारक अलवर में पुस्तकालय कक्ष निर्माण कराया गया जिसमें वी शक्ति ट्रस्ट द्वारा निर्मित ई-लाइब्रेरी का निर्माण किया गया। इसी प्रकार नगर विकास न्यास द्वारा एसएमडी सर्किल स्थिति राजकीय पुस्तकालय में 41.20 लाख रूपये की लागत से ई-लाइब्रेरी तथा 35.90 लाख रूपये की राशि से सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय (पीआरओ ऑफिस) अलवर में ई-लाइब्रेरी निर्माण एवं मीटिंग हॉल की मरम्मत का कार्य किया गया जिसका वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, कठूमर विधायक रमेश खींची, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलवीर सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, भारत विकास परिषद संरक्षक डॉ. के के गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, पूर्व मंत्री हेम सिंह भडाना व मंगलराम कोली, पूर्व विधायक रामहेत यादव, जयराम जाटव, मामन सिंह यादव,मंजीत चौधरी, पं. धर्मवीर शर्मा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित यादव, बलवान सिंह यादव, इंद्रजीत सिंह पटा, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, अशोक अग्रवाल प्रतापगढ़िया, संजय नरूका, बन्ना राम मीणा, रामकिशन मेघवाल, पं. जलेसिंह, लक्ष्मी नारायण गुप्ता,प्रधान दौलत राम जाटव, वीरमति देवी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# सर्व पितरों की शांति का खीर भंडारा संपन्न



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा जाड़ोंलः** 27 अप्रैल, समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति उदयपुर के संत एच आर पालीवाल के सानिध्य मे सर्व पितरों की शांति हेतु खीर का भंडारा 27 अप्रैल अमावस्या को सांय 6 बजे आदि गोड समाज का नोहरा, ही. म. सेक्टर 5 मे रखा गया। जिसमें कई भक्तों ने आ कर खीर भंडारे का आनंद उठाया। खीर भंडारे मे समिति के महर्षि सारस्वत, विष्णु शंकर पालीवाल, राम लाल नकवाल, प्रेम लता पालीवाल, खुशबु पालीवाल, खुशवंत पालीवाल, कनिष्क पालीवाल, प्रमोद वीरवाल, मधुकर पालीवाल, हीरा भाई चंदानी, अर्जुन रंगवानी, महेंद्र ग़मेती, उर्मिला ग़मेती व रणधीर मिश्रा ने आदि ने भाग लिया। उक्त जानकारी समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने दी।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा का निमंत्रण पत्र सुंदरपुर गांव मे जनसंपर्क किया



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** विप्र सेना द्वारा आयोजन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा का निमंत्रण पत्र सुंदरपुर गांव मे दिया गया तथा अधिक से अधिक संख्या मे आने का आग्रह किया जिलाध्यक्ष मिलन पंड्या ने बताया की शोभा यात्रा कुशलबाग़ मैदान से प्रारंभ कर गाँधी मूर्ति,पीपली चौक,सदर बाजार, आजाद चौक महालक्ष्मी चौक सींगवाव होकर बड़ा राम द्वारा समापन किया जायेगा। वहाँ पर सामजिक समरसता सम्मेलन होगा जिसमे संत राम प्रकाश महाराज जी का आशीर्वाद होगा और अंत महाआरती और महा प्रसादी रहेगी ये अवसर पर राष्ट्रीय सचिव मुकेश पाठक,प्रदेश सचिव हेमेंद्रनाथ पुरोहित,भावेश भट्ट,बाबा की भट्ट लोकेश जोशी, शिव जोशी, पुमिया शंकर जोशी, दिपल जोशी मलकेश जोशी, पुष्पेंद्र जोशी युवा जिलाध्यक्ष मयंक व्यास,सुरेश पंड्या, भूमित वैष्णव,आदि उपस्थिति थे। ये जानकारी जिला अध्यक्ष मिलन पंड्या ने दी।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सज्जनगढ़ मण्डल कार्यकर्ताओ ने बूथ संख्या 42 पर सुना



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** भारतीय जनता पार्टी मण्डल सज्जनगढ़ के पदाधिकारियों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र जी मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मण्डल सज्जनगढ़ के बूथ संख्या 42 पर एकत्रित होकर सुना। प्रधानमंत्री जी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पूरे देश को एक स्पष्ट संदेश दिया की आतंक के खिलाफ कोई समझौता नहीं! गर्व है कि आज भारत एकजुट है और पूरी मजबूती से आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। यह राष्ट्र की सुरक्षा, संप्रभुता और शांति के लिए हमारा साझा संकल्प है। सभी पदाधिकारियों ने आतंक के खिलाफ होने वाली कार्यवाही का समर्थन करते हुवे सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलते हुवे तन - मन - धन से सरकार एवं देश के साथ खड़े रहने की बात कही। अंत मे उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओ को जिला आईटी संयोजक अरविन्द कलाल ने सरल ऐप डाउनलोड करवाया एवं प्रोफ़ाइल भरने के साथ समस्त कार्यक्रमों को सरल ऐप पर पार्टी के कार्यक्रमों की प्रविष्टि करने की तकनीकी जानकारी दी। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया, उपाध्यक्ष कालूसिंह डिंडोर, मंत्री दीपचंद चरपोटा, विनोद गरासिया, नीलम गरासिया, चिमन डोडियार, अमित कलाल, गिरीश कलाल, जिला आईटी संयोजक अरविन्द कलाल, गेबीलाल जी कलाल, पूर्व मण्डल महामंत्री महेश कुमार सोनी, मोहनलाल गरासिया सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया।

# शाहजहांपुर में निशुल्क नेत्र जांच व दवा वितरण शिविर आयोजित

मरुधर विशेष



**नीमराना (सुनील मेघवाल)** शाहजहांपुर कस्बे में रविवार को कर्मवीर आयुर्वेदिक अस्पताल शाहजहांपुर के तत्वावधान में आयुर्वेद निशुल्क नेत्र जांच व दवा वितरण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 140 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर ने आयुर्वेद नेत्र चिकिसक डॉ भारत भूषण के नेतृत्व में आयोजित हुवा। चिकित्सा शिविर में ध्यान पाल, अंकित कुमार, चंदन सिंह , नितेश कुमार के चिकिसक टीम के नेतृत्व में मरीजों की जांच व निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में डॉ वीरेंद्र आर्य ,शिक्षा विभाग के अधिकारी राजकुमार यादव ,संजय शर्मा,राजकुमार गुप्ता ,लक्ष्मीनारायण ,जयप्रकाश, नरेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए

मरुधर विशेष



**दिनेश** प्रागपुरा पुलिस थाना के सीआई साहब किरण यादव की अध्यक्षता में, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग के जिला उपाध्यक्ष रवि कुमार शर्मा ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे के साथ-साथ दाना के परिंडे भी लगाए जा रहे हैं। इससे पक्षियों को दाना और पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:**

बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए गए। दाना के परिंडे भी लगाए गए ताकि पक्षियों को दाना और पानी एक ही स्थान पर मिल सके। कार्यक्रम का उद्देश्य पक्षियों की मदद करना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है।

**कार्यक्रम के आयोजक:**

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग की प्रेरणा से प्रेरित होकर उपस्थित किरण यादव, सीआई साहब, प्रागपुरा पुलिस थाना रवि कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग सुरक्षा सखी टीम पुलिस थाना प्रागपुरा

# राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर ब्लॉक बहरोड़ व नीमराना के चुनाव हुए संपन्न,सर्व सम्मति से पवन कुमार व्याख्याता को बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष व पूर्णचन्द सामरिया को नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया

मरुधर विशेष



**बहरोड़।(धर्मेन्द्र चर्खिया)** अम्बेड़कर सामुदायिक भवन बहरोड़ में कॅवर पाल की अध्यक्षता में राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर ) की बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें मनोज कुमार सिरोहीवाल जिला अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर ) जिला कोटपूतली बहरोड तथा रामसिंह गोठवाल ब्लॉक कोटपूतली चुनाव पर्यवेक्षक रहे । बहरोड़ ब्लॉक के चुनाव प्रभारी किशन लाल प्राचार्य तथा कपिलदेव चोरड़िया प्राचार्य । नीमराना ब्लॉक के चुनाव प्रभारी कालूराम सिरोहीवाल प्राचार्य और दिनेश कुमार मेहरा प्राचार्य के अनुसार चुनाव की पूर्ण तैयारी के साथ निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई । सदन द्वारा बहरोड़ ब्लाक अध्यक्ष हेतु पवन कुमार व्याख्याता तथा नीमराना ब्लॉक अध्यक्षपद हेतु पूर्णचन्द सामरिया का नाम प्रस्तावित किया गया । जिस पर सभी ने सर्व सम्मति से निर्विरोध रूप से पवन कुमार को बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ ( अम्बेडकर ) बनाया गया तथा पूर्ण चन्द सामरिया का ब्लॉक अध्यक्ष नीमराना पद पर चयन किया गया इस अवसर पर मिशन अम्बेडकर अध्यक्ष किशन लाल प्राचार्य , कालूराम सिरोहीवाल प्राचार्य, दिनेश मेहरा प्राचार्य, कपिल देव चोरडिया प्राचार्य, डॉ0 अनिल कुमार पुनिया प्राचार्य , प्रोफेसर संदीप आर्य , उग्रसेन भोवालिया , कॅवरपाल , एडवकेट सुनिल चौहान, पवन कुमार, पूर्णचंद सहित अन्य सैकड़ो राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडार के सदस्य उपस्थित रहे । जिला अध्यक्ष ने दोनो नव नियुक्त / निर्वाचित - अध्यक्षो को हार्दिक शुभकामनाऐं दी। भविष्य में संगठन को सही दिशा में ले जाकर संगठन हित में काम करने का आह्वान किया । पवनकुमार व्याख्याता बहरोड़ .ब्लॉक अध्यक्ष । पूर्णचन्द सामरिया बने नीमराना ब्लॉक अध्यक्ष

# टिटपुरी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण होगा 4 मई को






मरुधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी कठूमर।** डॉ भीमराव अंबेडकर विकास समिति टिटपुरी के तत्वावधान में संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की नवनिर्मित आदमकद प्रतिमा का रविवार 4 मई को अनावरण किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, भरतपुर सांसद संजना जाटव, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली, पूर्व विधायक बाजिव अली रहेंगे तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व संभागीय आयुक्त पीसी बैरवाल एवं कठूमर नगर पालिका चेयरमैन शेर सिंह मीणा, पूर्व सरपंच प्रकाश चौधरी कांकरोली, पूर्व सरपंच पिंटू मीण, पूर्व सरपंच रमेश चंद, महेंद्र सिंह मसारी मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष मान सिंह बौद्ध ने बताया कि टिटपुरी में 4 मई को बिसली रोड पर 6 फीट ऊंची व लगभग 80 हजार की लागत से बनवाई गई नवनिर्मित बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। जिसमें 4 में रविवार को प्रातः 9:00 बजे बुद्ध वंदना, संविधान उद्देशिका वाचक, धम्म देसना, प्रतिमा अनावरण, भीम जागरण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान समाज में गांव-गांव में मूर्ति अनावरण समारोह के कार्ड वितरण का कार्य समिति के सचिव कैलाश बौद्ध, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बौद्ध, उपाध्यक्ष पप्पू बौद्ध, उपसचिव रणजीत सिंह, रामेश्वर प्रसाद, गंगा राम, जितेंद्र, देवी सिंह, उदय सिंह, बच्चू सिंह, रमेश चंद रामकिशोर वर्मा, मुकेश कुमार, रामवीर सिंह, अतर सिंह, चुन्नी लाल, अमर सिंह, समय सिंह द्वारा किया जा रहा है।

# नापापाडा गांव में घर के बाहर खाट पर सो रहे व्यक्ति की गोली मारकर की हत्या, पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे

मरुधर विशेष



**दिनेश लेखी कठूमर।** बहतुकला थाना क्षेत्र के ग्राम नापापाडा में शनिवार देर रात घर के बाहर खाट पर सो रहे एक अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी संजीव नैन, एएसपी डॉ प्रियंका रघुवंशी सहित कई थाना प्रभारी मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे। और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली कारतूस बरामद किया है। थानाधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि राहुल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार की रात को मैं और मेरे पिता आंसु खां पुत्र चाव खां जाति मेव उम्र 50 साल निवासी नापापाडा घर के बाहर चारपाई सो रहे थे कि करीब साढ़े बारह बजे बाइक सवार दो जने आए। और उनमें से एक व्यक्ति उसके सोते हुए पिता को गोली मार दी। और मौके से भाग गए। फायर की आवाज सुनकर राहुल व ग्रामीण एकत्रित हो गए और बहतुकला थाना पुलिस को सूचना दी मामले में घायल आशु खांन को लक्ष्मणगढ़ राजकीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर एस पी, एएसपी, कठूमर सीओ कैलाश चोधरी, बहुतकला थाना प्रभारी संजय शर्मा, कठूमर थाना प्रभारी महेश तिवाडी, खेरली थाना प्रभारी धीरेन्द्र गुर्जर मय पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचे। इसके अलावा एफएसएल व मोबाइल जांच यूनिट टीम भी पहुंची। इधर आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकेबंदी की गई लेकिन आरोपियों का कोई पता नहीं चला। मामले में मृतक का पोस्टमार्टम रविवार को अलवर के राजकीय अस्पताल में किया गया।

# छिपारी में बाबा गुलाबदास महाराज का विशाल मेला आयोजित , नितिन यादव ने करवाई का की कुश्ती, विजेता पहलवान को 21 हजार रूपये का ईनाम

मरुधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर।हरसौरा कस्बे के निकटवर्ती गांव छिपारी में रविवार को बाबा गुलाबदास महाराज मंदिर पर विशाल मेला आयोजित किया गया। मेले में सुबह से ही मंदिर में श्रदालुओं की भीड लगी रही। वहीं शाम को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। मेला कमेटी सदस्यों ने बताया कि क्षेत्र में बाबा गुलाबदास के मेले का हर वर्ष आयोजन किया जा रहा है।मंदिर पर सुबह हवन कर मेले का शुभारंभ किया गया।आसपास के दर्जन भर गांवों में बाबा की बड़ी मान्यता है। घरों में खीर चूरमा बनाकर बाबा को भोग लगाया जाता है। मेले में बच्चों के खिलौने और चाट पकौड़े की दुकानों पर खरीददारी करने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। मेला कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम किए गए।

वहीं शाम को विशाल कुश्ती दंगल में हजारों की संख्या में जनसमूह उमड़ पड़ा। कुश्ती दंगल में ग्रामीणों के सहयोग और मेला कमेटी की ओर से 51 रूपये से लेकर 21 हजार रूपये तक की कुश्ती करवाई गई। जिसमें अंतिम कामडे की कुश्ती 21 हजार रूपये की कुश्ती करवाई गई। जिसमें कई राज्यों के प्रसिद्ध पहलवानों ने हिस्सा लेकर दाव पेंच दिखाए। अंतिम कामडे की कुश्ती हरिश पहलवान हरियाणा और गौरव पहलवान उधनवास के बीच हुई। जिसमें दोनों ही पहलवानों के बीच काफी रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें हरिश पहलवान हरियाणा ने अंतिम कामडे की कुश्ती जीती। मेला कमेटी की ओर से विजेता पहलवान को 21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंतिम कामडे की कुश्ती का ईनाम हर वर्ष भाजपा नेता नितिन यादव की तरफ़ से दिया जाता है।

इस मौके पर सरपंच बबीता कंवर, भाजपा नेता नितिन यादव,सुबेदार विजयपाल सिंह, लीलाराम शुक्ल, लालसिंह पंच, दलीप सेकेट्री, हरिश्चंद्र सैनी, नन्द किशोर जांगिड़, श्याम सिंह शेखावत, राजेन्द्र पंच, महेश प्रधान, इंद्रजीत पंच, जयमल सैनी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# घोटाद गांव में मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 733 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन

## बहे खून मेरा चमन के लिए मेरी जान जाए वतन के लिए

### पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए हिंदुओं को दी श्रद्धांजलि

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा सागवाड़ा:** प्रति शनिवार को आयोजित होने वाला मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाडा का 733 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन घोटाद गांव में हुआ । यजमान हरीश भट्ट ने रामजी व हनुमानजी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर पूजा अर्चना करने के बाद जितेन्द्र सुथार ने गणपति पूजन किया व जितेन्द्र भट्ट ने सरस्वती वंदना करने के बाद पहलगाम में आतंकियों द्वारा कायराना हरकत करते हुए निर्दोष हिंदुओं को मौत के घाट उतार दिया आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए उपस्थित श्रद्धालुओं ने दो मिंट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने बाद राष्ट्र देवो भव की भावना से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने राष्ट्रगान करने के पश्चात सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान बालमुकुंद भट्ट व सौरभ भट्ट द्वारा की गई।कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार ने बहे खून मेरा चमन के लिए मेरी जान जाए वतन के लिए ....... चेतन गोगरोत ने तेरी मिट्टी में मिल जावा इतनी सी है दिल की आरजू..... नकुल गोगरोत ने बजरंग बली मेरी नाव चली मेरी नाव को पार लगा देना ......... प्रीतम पंचाल ने नजराना दिल का लाया भोले तेरी नगरी मै......सहित कई मधुर भजनों के साथ नकुल गोगरोत के द्वारा ढोलक की थाप पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। विभिन्न वाद्ययन्त्रों पर हेमंत भट्ट,रमेश जोशी, कर्मवीरसिंह राठौड़, अजय,निलेश गामोट, राजन ने संगत दी। हनुमान चालीसा का पाठ नरेश भट्ट शिवलहरी व भरत भट्ट द्वारा करने के पश्चात यजमान परिवार द्वारा आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भवानीशंकर हार्दिक भट्ट दीपक सरियोत हिमांक भट्ट देवेंद्र भट्ट बालकृष्ण भट्ट गिरीश पंकज हरीश सरियोत धनेश्वर पाटीदार त्रयंबकलाल दिलीप भट्ट श्रृष्टि वनिता प्रेमिला पूजा भावना मेहता टीना भट्ट सहित आसपास क्षेत्र के कई धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# बानसूर पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ शादी करने वाले आरोपी को पकड़ा, बहन के साथ मिलकर फर्जी कागजात तैयार करवाए

मरुधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ शादी करने वाले मुख्य आरोपी को पकड़ा है।। आरोपी युवक ने अपनी बहन के साथ मिलकर वकील की सहायता से फर्जी कागजात तैयार कर शादी की थी। पुलिस ने आरोपी की बहन को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि 16 अप्रैल को पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दी कि शाहपुर का रहने वाला निलेश मेरी दो लड़कियों को बहला फुसलाकर ले गया। जिसमें एक लड़की नाबालिग है। 18 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी निलेश ने दिल्ली में आर्य समाज में अपहर्ता नाबालिग लड़की से शादी कर ली। सूचना पर पुलिस की टीम ने दिल्ली में संपर्क कर आरोपी युवक के परिवार वालों पर दबाव बनाया और 19 अप्रैल को बालिग और नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया गया। वही आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी निलेश(28) निवासी शाहपुर ने अपनी बड़ी बहन के साथ मिलकर वकील की सहायता से फर्जी कागजात तैयार कर नाबालिग लड़की से शादी कर ली जिसको लेकर पुलिस ने आरोपी की बहन को पहले गिरफ्तार कर लिया था और आज आरोपी निलेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस वकील की भूमिका को लेकर जांच कर रही है।

# लिमथान में हेमाद्रि स्नान 29 अप्रैल 101 कुण्डीय महायज्ञ की तैयारियां



अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

**बांसवाड़ा:** श्री परशुराम एवं श्रीकृष्ण धाम लिमथान पर प्रस्तावित 101 कुण्डीय श्रीविष्णु महायज्ञ में हेमाद्रि स्नान मंगलवार को होगा। पौराणिक तीर्थ पर प्रस्तावित इस विराट आयोजन को लेकर सर्व सनातन समाज में उत्साह बना हुआ है। सर्व समाज के सहयोग से विप्र फाउंडेशन के संयोजन में होनेवाले आयोजन में सभी यजमान एवं कुण्ड तैयार हो चुके हैं। कार्यक्रम संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि पाषाण शिखर का उत्थापन विधानपूर्वक होगा। रविवार को आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी रहे। अध्यक्षता महायज्ञ के संरक्षक स्वामी विवेकानंद महाराज बड़ोदिया ने की।प्रधान आचार्य किशोर शुक्ला ने बताया कि यजमानों के लिए श्रीयंत्र सिद्ध करवाये जाएंगे। इस मौके पर कल्याण मुखिया सलिया, राजेंद्र जोशी, विनोद व्यास, दिनेश पण्डया, विनोद त्रिवेदी, मुकेश शुक्ला, किशोर पण्डया, नाहरसिंह बोदला, जगदीश पुरोहित, नवनीत त्रिवेदी सहित यजमान मण्डल सहयोग में जुटा हुआ है। परशुराम सेवा संस्थान के संयोजक महेश जोशी नवागांव ने बताया कि आयोजन के लिए सालिया, बोदला, सियापुर, लक्ष्मीपुरा सहित विभिन्न गांवों में व्यवस्था समितियां बनाई गई हैं। 30 अप्रेल को श्री परशुराम जयंती से 2 मई श्री शंकराचार्य जयंती तक चलने वाले महायज्ञ के लिए गांव-गांव में जन सम्पर्क किया जा रहा है। विशाल गंगाजल कलश यात्रा के लिए माताओ बहिनों से सम्पर्क किया जा रहा है।

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

# जुमे की नमाज में शरीक होने आने वालों की जांच को लेकर थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



मरुधर विशेष



**नीमराना (सुनील मेघवाल)** आतंकियों द्वारा 22 अप्रैल को पहलगांव जम्मू कश्मीर में 28 निर्दोष व निहत्थे लोगों की आतंकवादियों के हमले में हुई निर्मम हत्या के विरोध में व आतंकियों के कायराना हरकत के शिकार हुए लोगो की आत्माशांति को लेकर रविवार देर शाम शाहजहांपुर कस्बेवासियों ने कैंडल मार्च निकाला।कस्बे के बीजवाड़ मोड़ पर एकत्रित हुए ।लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर कैंडल मार्च निकाला। रामलीला मैदान में पहुंचकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया।इसी दौरान प्रत्येक शुक्रवार को कस्बे स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने पहुंचे वालो की आईडी जांच की अनिवार्यता की मांग को लेकर थानाधिकारी मनोहरलाल मीना को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान यादव समाज अध्यक्ष जगमालसिंह यादव, सरपंच प्रतिनिधि ऋषि यादव, जिला पार्षद संदीप फौलादपुरिया, पूर्व सरपंच शैतान सिंह मीणा, जयविंद्र यादव, सूबेदार कंवर सिंह,किसान नेता हमीर यादव, राकेश फौजी,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान,राहुल यदुवंशी, लीलाराम सूबेदार,हरिसिंह सूबेदार, जीवराज, सूबेदार गुगनराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

# अलवर जिला खो-खो को संघ की बैठक संपन्न

मरुधर विशेष । दिनेश लेखी



**कठूमर।** अलवर जिला खो-खो संघ की साधारण सभा की बैठक कंपनी बाग में संघ के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संघ द्वारा को खेल को बढ़ावा देने के लिए व उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करने के लिए 5 मई 2025 से 20 मई 2025 तक इंदिरा गांधी स्टेडियम अलवर में 17 वर्ष की सीमा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को खेल का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा संघ के सचिव राजेंद्र यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण खो-खो खेल के विषय विशेषज्ञ द्वारा दिया जाएगा उन्होंने ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को जुड़ने अपील की।

# सड़कों पर उतरे मुस्लिम समाज के युवा, आतंकवाद के खिलाफ जताया विरोध




मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील नूंह** । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आतंकवाद मुर्दाबाद', 'हिंदुस्तान ज़िंदाबाद' के नारे लगाते हुए रविवार को सड़कों पर उतर आए फिरोजपुर झिरका रनियाला गांव के मुस्लिम समाज के सैकड़ों की संख्या में युवा, सड़कों पर उतर कर हाथों में आंतकवाद मुर्दाबाद के पोस्टर लेकर आतंकवाद के खिलाफ जताया विरोध। इस दौरान शाहीन खान रनियाला ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष और निहत्थे लोगों को मारा गया है,जो कि पूरी तरह से मानवता के खिलाफ है। आतंकी हमले में मारे गए निहत्थे ओर निर्दोषों को श्रृद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

# नीमराना में रोड पर चलती हुई कार में लगी आग बीच सड़क पर जली कार

## दमकलकर्मियों ने आग बुझाई

मरूधर विशेष



**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना औद्योगिक क्षेत्र की लिबर्टी कंपनी के सामने रविवार शाम को एक चलती हुई कार में अचानक आग लग गई । जिससे कार जलकर लोहे के कबाड़ में तब्दील हो गई।औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में कार्य करने वाले सोमवीर सिंह ने बताया कि वह रविवार शाम को अपनी कंपनी की कार से कस्बे के कृष्णा टावर शॉपिंग कॉम्पलेक्स से कंपनी जा रहा था ।इसी दौरान लिबर्टी कंपनी के सामने चलती हुई कार में अचानक आग लग गई ।आग ने तुरंत विकराल रूप धारण कर लिया 7 जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई ।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जल्दी ही आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक कार आग में जलकर लोहे का कबाड़ हो चुकी थी।लेकिन गनीमत यह रही कि कार में बैठे लोग समय रहते नीचे उतर गए जिससे उनकी जान बच गयी।

# सामाजिक विषमताओं को दूर करते हुए अपने कार्य का विस्तार व दृढ़ीकरण हो- धर्मराज

मरूधर विशेष





**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** विद्या भारती संस्थान बांसवाडा के जिला विषय अध्यापकों की कार्यशाला ऐतिहासिक स्थल मानगढ़ धाम की पावन पवित्र भूमि पर आयोजित हुई।तीन सत्रों की कार्यशाला में विषय प्रमुखों ने सत्र भर के कार्यो की योजना रचना की।। अतिथियों का परिचय माध्यमिक विद्यालय बागीदौरा की प्रधानाध्यापिका पूनम सोलंकी ने व स्वागत बड़ोदिया संकुल प्रमुख सुरेश त्रिवेदी, पालोदा संकुल प्रमुख राजेश त्रिवेदी बांसवाड़ा संकुल प्रमुख गोविन्द सिंह राव व विद्या निकेतन छींच के प्रधानाध्यापक गोमती शंकर पंड्या ने किया। कार्यशाला में विद्या भारती संस्थान बांसवाडा के माननीय अध्यक्ष रमेश बृजवासी मंत्री नवनीत शुक्ला सहमंत्री नटवरलाल पंचाल सचिव ललित दवे भारतमाता परियोजना के प्रमुख व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक धर्मराज द्य का पाथेय सानिध्य प्राप्त हुआ। संस्थान के मंत्री नवनीत शुक्ल ने सभी विषय प्रमुखों से आगामी सत्र में अपनी कार्य योजना किस प्रकार की होनी चाहिए। इस पर चर्चा करते हुए मानगढ़ धाम का ऐतिहासिक महत्व व गोविंद गुरु की जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला सचिव ललित दवे ने संघ शताब्दी वर्ष पर अपने कार्य को 100% देने हेतु योजना बनाना, यह मानगढ़ धाम बलिदानियों की भूमि पर आयोजित कार्यशाला का परोक्ष उद्देश्य भी यह है कि इस वर्ष हम विशेष प्रयास करके अपना लक्ष्य प्राप्त करें,ऐसी संस्था की अपेक्षा है। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर समर्पण का भाव बढ़े,समय का समर्पण सबसे बड़ा समर्पण है। दूसरे सत्र में सभी ने अपनी वार्षिक योजना का निर्माण किया। तीसरे सत्र में विषय प्रमुखों द्वारा अपने विषय का गत वर्ष का प्रतिवेदन और आगामी सत्र 2025द्द2026 का लक्ष्य व क्रियान्वयन के चरणों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भारत माता परियोजना प्रमुख धर्मराज जी भाईसाहब ने कहा कि जो कार्य हमें जिस स्थिति में मिला है,उसे स्थिति का आकलन करते हुए हमें स्वयं का मूल्यांकन करना है कि मैंने इस कार्य को कितना आगे बढ़ाया व कितने सफल हुए। कार्य का विस्तार ही हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्य विस्तार के साथ ही उसका दृढ़ीकरण होना भी आवश्यक है,इस हेतु हमें अपने कार्य का व्याप बढ़ाना होगा, सामाजिक विषमताओं को दूर करते हुए हमारा कार्य समाज उपयोगी होना चाहिए। धन्यवाद एवं आभार जिला सचिव ललित दवे ने ज्ञापित किया। यह जानकारी विद्या भारती संस्थान बांसवाड़ा के जिला संवाददाता दिव्यराज सिंह ने दी।

# सरकार की छवि खराब करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जल्द मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जायेगा जसबीर सैनी



मरुधर विशेष सुनीता सैनी

**बावल** ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया में लगभग दो साल पहले छः करोड़ का टेंडर पानी, सीवर, रोड के लिए दिया गया था लेकिन आज इतना समय बीत जाने के बाद भी अधिकारिओं के अनुसार लगभग 34% काम पूरा हुआ है द्य वही जो काम किया गया है वह भी संदेह के घेरे में है उक्त विचार ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया का दौरा दौरान कहे द्य सैनी नें सम्बंधित विभाग के अधिकारिओं से इस काम का फीड बैक लिया तो बताया गया की इस काम के पूरा ना होने की वज़ह से इंडस्ट्री के लोग भी परेशान है थोड़ा सा काम करते ही ठेकेदार पेमेंट की मांग करने लगता है द्य इस पर संज्ञान लेते हुए सैनी नें कहा की जल्दी ही इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जायेगा ताकि सरकार की छवि खराब करने वाला ठेकेदार ब्लैक लिस्ट हो जो ठेकेदार काम लेकर समय पर पूरा ना करें उस पर जुर्माना लगाने के साथ -साथ ब्लैक लिस्ट किया जाए द्य वही सैनी नें अधिकारिओं को भी चेताया की गलत काम करने वालो को बक्शा ना जाए द्य जो समय अवधि पर लिया हुआ काम पूरा ना करें उसका टेंडर रद्द होना चाहिए द्य सैनी नें कहा की जो थोड़ा बहुत काम हुआ है उसकी विजिलेन्स जाँच कार्रवाई जाएगी द्य वही सैनी नें इंडस्ट्री के लोगो से भी आग्रह किया की वह भी सरकार द्वारा कराये जाने वाले विकास कार्यों में रूचि ले दो साल से भी ऊपर का समय बीत जाने के बाद भी किसी नें इस कार्य के लिए आवाज़ नहीं उठाई द्य यह सोचने का विषय है द्य सैनी नें इंडस्ट्री के लोगो को आश्ववस्त किया की जल्दी ही इस कार्य पर संज्ञान लिया जायेगा द्य नायब सरकार में विकास कार्यों में कोताई बर्दास्त नहीं की जाएगी

# बानसूर सैनी महासभा समिति के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह, अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

मरूधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर। सैनी महासभा समिति की नई कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ठेकेदार ने सभी नए सदस्यों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यकारणी में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। संरक्षक के रूप में ताराचंद सैनी को चुना गया। रोहिताशव सैनी अध्यापक और जीतराम सैनी को उपाध्यक्ष बनाया गया। महासचिव का पद किशोरीलाल एडवोकेट को सौंपा गया। प्रकाश चन्द सैनी ट्रांसपोर्टर को सचिव और संतलाल सैनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन में टिंकू सैनी को संगठन मंत्री और प्यारेलाल सैनी को कानून मंत्री बनाया गया। अशोक सैनी को संयोजक और रामचंद्र सैनी को व्यवस्थापक की जिम्मेदारी दी गई। महेश कटारिया और लक्ष्मण सैनी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। मेहर चन्द सैनी को भंडार मंत्री और विमल कुमार सैनी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सलाहकार समिति में पूर्व अध्यक्ष बालजी सैनी, माधाराम सैनी, धर्मचंद सैनी, राधेश्याम सैनी और सुरेश चन्द सैनी को शामिल किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन में रहकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में सैनी समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कामां में जाटव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन, में 19 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## विधायक नौक्षम चौधरी ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर दिया नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

मरूधर विशेष





**संवाददाता सलीम खान डीग** जिले के कामां कस्बे में रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर जन कल्याण समिति के तत्वावधान में अंबेडकर भवन में जाटव समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में 19 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विधायक ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ाने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित होते हैं। उन्होंने समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। आयोजन समिति द्वारा विधायक नौक्षम चौधरी का स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए आवश्यक सामान जैसे बर्तन, बिस्तर, कपड़े और अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिन्होंने इस सामाजिक पहल की प्रशंसा की। सम्मेलन में बैंड-बाजों के साथ दूल्हों की बिंदोली निकाली गई, जिसने पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बनाया। कार्यक्रम का संचालन समिति के पदाधिकारियों ने किया, और सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया। यह आयोजन न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक बना, बल्कि जाटव समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल के रूप में भी उभरा।

# राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद बासवाडा जिले की बैठक सम्पन्न



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** परिषद के भीमकुंड स्थित आश्रम परिसर में आज जगदीश कुलमी (प्रदेश सगठन मन्त्री राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद) सन्त रामप्रकाश महाराज विकासराज (विभाग प्रचारक बासवाडा) जगदीश प्रसाद जोशी (सरक्षण) भीमसिंह सुरावत(प्रदेश उपाध्यक्ष) अशोक(विभाग कार्य वाह),की गरिमामय उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई! बैठक में कार्यकर्ता नियोजन किया गया। जिसमें परिषद की बासवाडा जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष लालशकर निनामा जिला मंत्री जयप्रकाश पाठक जिला श्रद्धा जागरण प्रमुख लालचंद रावत एवं नगर कार्यकारिणी घोषणा में रजनीश गुप्ता रतनलाल खराडी गोविन्द सिंह राव मयक प्रजापत निलेश भोई जय त्रिवेदी एवं गढी परतापुर नगर समिति में शकरलाल जादोव सुरेश व्यास सुरेश डामोर दिनेश डाबी महेन्द्र सिह रघुवीर सिंह राधेश्याम प्रदीप भट्ट आदि के दायित्वों की घोषणा हुई! बैठक के अन्त में पहल गाँव में हुई घटना में शहीद हुए सभी की आत्माओं की शान्ति हेतु मोन रखकर समापन किया। बेठक में भरतजी कुमावत रमेश चरपोटा जमनालालजी खाट दिलीप चरपोटा वालम गणावा धुलेश्वर भणात विजयपाल चरपोटा कमजी भाई मछार राजुलाल दायमा गणेश खराडी आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन वेलजी भाई देवदा ने किया। आभार जिलाध्यक्ष लालशकर निनामा ने व्यक्त किया।

# नियमित मॉनिटरिंग, निगरानी, तकनीकी उपयोग, समीक्षा रिपोर्ट एवं नागरिकों की भागीदारी से विकसित होगी शहरी क्षेत्र में प्रभावी सफाई प्रणाली :- जिला कलक्टर

## जिला कलक्टर ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था निगरानी प्रणाली अनुसार बेहतर करने के दिये निर्देश

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शहर में सफाई व्यवस्था निगरानी प्रणाली अनुसार बेहतर करते हुये नियमित मॉनिटरिंग करने और जिम्मेदारों को पाबंद करने के संबंध में आयुक्त नगर परिषद कोटपूतली व बहरोड़ को निर्देशित किया है। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र कोटपूतली व बहरोड़ में साफ-सफाई एवं कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुये आदेश जारी कर निर्देशित किया कि निगरानी प्रणाली अनुसार सफाई व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। दैनिक निरीक्षण चेक लिस्ट सफाई पर्यवेक्षक सड़कें और गलियों की सफाई की स्थिति, कचरा डिब्बों की स्थिति (खाली/ओवरफ्लो), नालों और नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, कचरा संग्रहण वाहन का आगमन समय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वार्ड स्तरीय निगरानी के लिये प्रत्येक दस वार्ड पर एक अधिकारी पर्यवेक्षण हेतु एवं प्रत्येक जोन में एक सफाई निरीक्षक नियुक्त किया जाये, जो दैनिक/साप्ताहिक रिपोर्ट देंगे एवं औचक निरीक्षण करें एवं नागरिकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु तकनीकी उपयोग के माध्यम से सफाई निगरानी को स्मार्ट बनाने के लिये कचरा वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग, कचरा डिब्बों पर क्यूआर कोड लगाकर स्थिति अपडेट करें एवं मोबाईल ऐप के माध्यम से उपस्थिति, शिकायत और फोटो रिपोर्टिंग, सीसीटीवी कैमरे सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी हेतु लगायें। उन्होंने आदेशित किया कि सफाई से पहले और बाद की तस्वीरें लेकर डिजिटल रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये नागरिकों के लिये शिकायत निवारण ऐप या व्हाट्सएप नंबर एवं "स्वच्छता अभियान" में स्थानीय लोगो को जोड़ें, सुझाव और शिकायत पेटियां लगायें। साथ ही अधिकारी सफाई कर्मचारियों की साप्ताहिक समीक्षा करते हुये हर वार्ड की मासिक रिपोर्ट तैयार कर भिजवायें एवं अच्छे कार्य के लिये पुरूस्कार और लापरवाही पर कार्यवाही करें।

# जनजाति मीना विकास समिति खेरली कठूमर की बैठक हुई सम्पन्न

मरूधर विशेष



**दिनेश लेखी** कठूमर । जनजाति मीना विकास समिति खेरली कठूमर की बैठक रविवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर में अध्यक्ष डॉ आर पी मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष ने बताया कि समाज की बैठक में धर्म सिंह मीणा महामंत्री ने समाज सुधार के 17 बिंदुओं को विस्तार से पढ़कर सुनाया। और इनकी पालना में सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। इसके अतिरिक्त मृत्यु भोज को पूर्णतया बंद करने पर सभी की सहमति हुई। वही इसके अलावा धौलागढ़ मंदिर परिसर में मीणा धर्मशाला के निर्माण हेतु सहयोग राशि देने की सभी उपस्थित सदस्यों से अधिक से अधिक राशि देने की अपील की गई। इस मौके पर कठूमर नगर पालिका चेयरमैन शेर सिंह मीणा, नंदकिशोर मीणा, विजय सिंह मीणा, मानसिंह मीणा, मीणा छात्र महासभा जिला अध्यक्ष उदल मीना, सुखराम बेरडा, पूरन मीणा गावडी, रामावतार मीणा राजगढ़, करण सिंह मीणा, हरिया मीणा, रामावतार मीणा रामगढ़, कमल सिंह मीणा लाठकी, फैली राम मीणा, सथली का वास, मोतीलाल मीणा हाजीपुर, महावीर मीणा कलवाड़ी, प्रेम प्रकाश मीणा न्यालीवास, डॉ सुरेश मीणा कुट्टीन साहब दास, ओमकार मीणा, राजू मीणा खुड़ियाना, मनीराम, फूल सिंह मीणा, मदन सिंह मीणा, कैलाश मीणा हाजीपुर, अमर सिंह, भरत लाल मीणा, धर्म सिंह, गोपी राम, मोतीलाल, छोटिया राम, स्वरूप मीणा सालवाडी,
विष्णु मीणा नाटौज आदि मौजूद थे। समिति की आगामी बैठक 18 में रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैफ अली का बस रामगढ़ में करने का निर्णय लिया गया।

# रीना कटारा ने बढ़ाया वागड़ का मान, जिले को दिलाया स्वर्ण पदक

मरुधर विशेष




**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** नई दिल्ली में नेशनल राइफल एसोशियेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित हुई 23 वी कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय शूटिंग चेम्पियनशिप पेरा इवेंट 2025 में वागड़ के बड़ोदिया के इटाउवा गांव की निवासी एवं सज्जनगढ़ ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गरासियाफला बिलडी में शिक्षिका के पद पर कार्यरत सुश्री रीना कटारा ने राइफल इवेंट्स में 600 में से 594 स्कोर प्राप्त कर पहली रैंक हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। जहा उन्हें अतिथियों एवं आयोजक कमेटी द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। रीना कटारा पूर्व में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पैरा इवेंट की शूटिंग प्रतियोगिताओ में भाग लेकर वागड़ का नाम एवं मान बढ़ा चुकी है। रीना की इस उपलब्धि पर उनकी रेंज रॉयल शूटिंग एकेडमी बांसवाड़ा के प्रबंधक, प्रशिक्षक, उनके रिश्तेदारो, विभिन्न संगठनों के कार्यरताओ ने बधाई दी एवं और आगे बढ़ने की शुभकामनाएँ दी।

## पुलिस थाना कोटपूतली व सरूण्ड पर सीएलजी की बैठक आयोजित

# साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाये रखने की अपील, पुलिस ने मुख्य मार्गो पर की गश्त

मरुधर विशेष







**कोटपूतली,** पुलिस महानिदेशक द्वारा पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटना के संबंध में सीएलजी की बैठक का आयोजन कर साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने जिले के समस्त थाना अधिकारियों को सीएलजी बैठक आयोजित करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये थे। इसी क्रम में रविवार को एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी बाबूलाल मीणा द्वारा निकटवर्ती सरूण्ड पुलिस थाने पर सीएलजी मिटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार रामधन गुर्जर भी मौजूद रहे। बैठक में सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखी व गाँव के प्रबुद्धजनों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु समझाईश की गई। इसी प्रकार स्थानीय पुलिस पर भी डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा द्वारा सीएलजी सदस्यों, शान्ति समिति, सुरक्षा सखी व ग्राम रक्षकों की मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार रामधन गुर्जर भी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी सदस्यों से पहलगाम में हुई घटना के मध्यनजर क्षेत्र में शान्ति, सौहार्द एवं भाईचारा बनाये रखने तथा सोशियल मीडिया पर अफवाहों, फेक न्यूज के सम्बन्ध में सजग रहकर जानकारी देने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु अपील की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग करने एवं आम लोगों को जागरूक करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान हरिप्रसाद सोनी, मौहम्मद इरफान कुरैशी, जयराम आर्य, रामसिंह पायला, अनिता जाट, ओमप्रकाश स्वामी, भीखाराम सैनी, अशोक कुमार रावत, सुशीला राठी, रेशमा देवी, ममता, इन्द्राज सोनी, गजराज यादव, रोहिताश, भैंरूराम, सुमन आदि सदस्यगण मौजूद रहे। जिसके बाद रविवार शाम को थाना अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो पर गश्त की गई।

# रामायण मणका पाठ के साथ हुआ नुतन गृह प्रवेश

मरूधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** शनिवार शाम श्री रामेश्वर भक्त मंडल का रामायण मनका 108 का 71 वा पांठ पादरा निवासी विनोद पिता सुखलाल जोशी के नुतन आवास पर कीया गया। श्री प्रभुदास धाम रामद्वारा के संत उदयरामजी ने संतोष भोई के दीप मंत्रोच्चार से प्रभु राम की पुजा अर्चना कर तिलक के पश्चात दिप प्रज्वलित कीया।अशोक भोई ने गुरू वंदना, राजेश भोई ने सरस्वती वंदना एवं भावेश भोई ने गणेश वंदना की।यजमान विनोद जोशी ने मंडल सदस्यो का तिलक एवं उपर्णा ओढाकर बहुमान कीया। अजय भोई ने हनुमानजी का आव्हान कर आसन पर विराजमान कर पाठ आरंभ कराया।रामायण मनका पाठ विशाल भोई प्रितम भोई हिमांशु भोई भव्य भोई नरेश सेवक ने किया। मातृशक्ती से निशा भोई ज्योति भोई नेहा भोई दिव्यानी भोई ने चौपाईयौ का गान कीया जिसका शांता सुथार, शोभा डेण्डोर ,सुनीता भोई ने साथ दिया।हनुमान चालीसा का पाठ दिलीप भोई,मयंक भोई, चिराग भोई ने किया। भजन मंडली के रघुवीर भोई ने ढोलक तथा जिज्ञांश भोई , जयराज भोई, सार्थक आचार्य, प्रथम,आयुष राठौड, मानव,बिट्ठु, ने मंजिरो एवं अन्य वाद्य यंत्रो से पाठ मे संगत दी। मुकेश भोई ने जिस दिन ए मुरली वाले अपना घर बनवाउंगा....... अजय भोई ने राम आये हे......आदि भजन प्रस्तुत किए सभी ग्रामवासी रामभक्तो ने आरती उतारी। आरती पश्चात फल प्रसाद वितरण कीया गया। योगश जोशी ने आयोजन का संचालन कीया एवं केशव जोशी ने संत उदयरामजी का स्वागत सत्कर कीया। आभार पुरुषोत्त्म पंडीत ने प्रकट कीया और मंडल की सराहना करते हुये अपने गांव मे भी उनके नेतृत्व मे एसी टीम तैयार करने का प्रण लिया जिससे सनातन संस्कृति के प्रति युवा जागृत रहे और धर्म के प्रति उनमे आस्था बनी रहे जिसपर मंडल संयोजक मुकेश भोई ने पुर्ण सहयोग करने की बात कही। संत उदयरामजी ने अपने उद्बोधन मे बताया की सच्चे मन से भगवान का नाम लेने पर उनकी प्राप्ती अवशय होती हे इसलिये प्रभु को हृदय से याद करे।इस दौरान पहलगाम में हुवे आंतकी हमले से मारे गए सनातनियों को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर किर्ती उपाध्याय,चिराग त्रिवेदी,निलेश जोशी,हेमन्त ठाकुर, शशांक जोशी,प्रेम पाटीदार, लालशंकर जोशी ,जतिन त्रिवेदी, एवं मातृशक्ती से कांता ठाकोर, दिशा, योगिता,राखी पाठक, दक्षा, पुष्पा जोशी एवं सर्वसमाज से भक्तजन उपस्थित रहे ।

# बानसूर पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक को पकड़ा, एक देशी कट्टा बरामद

मरुधर विशेष




**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर आज पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस को एरिया डोमिनेशन के दौरान सूचना मिली कि एक युवक के पास अवैध देशी कट्टा है। पुलिस की टीम ने युवक को पुलिस थाने बुलाकर अवैध हथियार के बारे में पूछताछ की गई तो युवक ने हथियार रखना स्वीकार किया और सूचना देने वाले को जान से मारने की धमकी देने को लेकर युवक विनोद स्वामी निवासी महनपुर को एक देशी कट्टा और 1 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732